संजीवनी टुडे
SAMAY KE SATH BADHTA AKHABAR

# नकली दूध के कारोबार का खुलासा, दो गिरफ्तार

संजीवनी टुडे 13-03-2019 15:39:01



**कोलकाता।** एशिया के सबसे बड़े बाजारों में शुमार बड़ाबाजार के राजा कटरा मार्केट में नकली दूध के कारोबार का खुलासा बुधवार सुबह हुआ है। कोलकाता पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ाबाजार के 167 एनएस रोड राजा कटरा में गोदाम में में छापेमारी कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिनका नाम सुनील तांती (42 साल) और (अरूप भादुरी (40 साल) था जो गोरिल्ला पाउडर और अमूल्य पाउडर मिलाकर बाजार में बेचने के लिए कई "अनमोल" प्लास्टिक के कंटेनर में सील कर रहे थे। इस बारे में जब उनसे पूछताछ किया गया तो वे कुछ भी संतोषजनक जवाब देने से विफल रहे।

अमूल्य दूध के खाली कंटेनर : 52 पीसी, अमूल्य मिश्रित खुले कंटेनर : तीन पीस, अनमोल ढीले प्लास्टिक बैग : 72 पीस, अनमोल कार्टून (भरा हुआ) : 65 पीस, गरिमा जार (कंटेनर) : 30 पीस, अमूल्य में कार्टून बॉक्स 15 पीस, "अमूल्य" प्लास्टिक के बने कंटेनर : 60 पीस।

इन सभी सवालों को जमकर बड़ाबाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है इसमें दिलीप साहा नाम के एक और शख्स के बारे में पता चला है जो इस दुकान को चलाता था। उसकी तलाश पुलिस कर रही है।

Source: https://www.sanjeevnitoday.com/state/fake-milk-business-reveals-two-arrested/20190313/231017